>

Ttile: Need to solve the problem of water supply in Birbhum Parliamentary Constituency.

श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी) (बीरभूम): सर, मैं जल संकट के बारे में बात करना चाहती हूँ । मेरी कांस्टीट्युएंसी वीरभूमि है । यहाँ पर मोहम्मद बाजार है, उसके पास में हिंगलो नदी है, खोएडसोल है, शाल रिवर है और राज नगर पर बकरेश्वर है । इसके अलावा भी राजगांव है, उसमें कोई नदी नहीं है, लेकिन वहाँ पानी चाहिए । स्पीकर के अलावा आप एक एमपी भी हैं । आपको बहुत अच्छे से मालूम है कि 5 करोड़ रुपये में कुछ काम नहीं होता है, 5 करोड़ रुपये में पानी देना मुश्किल बात है । इसलिए जो नई मिनिस्ट्री बने, वह जल संकट को दूर करे । मैं उससे रिक्वैस्ट करूंगी कि वह मेरी कांस्टीट्युएंसी को पानी दे । मेरी आपसे एक रिक्वैस्ट है । नए लोग तो चुनकर आए हैं, हर जगह पर पुराना पीछे जाता है । प्लीज, आप यहाँ पर घर की मुर्गी दाल बराबर मत कीजिए । सबको एक ही जैसा बोलने का चांस दें । हम सुबह से, दो दिन से बोलने के लिए वेट कर रहे हैं । पुराना भी हो जाए, नए एमपी के साथ पुराने एमपी को भी इक्वल चांस दीजिए । थैंक यू ।

माननीय अध्यक्ष : सबको इक्वल चांस दिया है ।

श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी) : सर, बाद में, लास्ट में चांस दिया है ।

माननीय अध्यक्ष : नए एमपी के बाद आपको यानी पुराने एमपी को बोलने का मौका दिया है । हमने सबको मौका दिया है ।

श्री के सी पटेल । पटेल जी, पहली बार बोल रहे हैं ।